**पद : सह परामर्शदाता - साझेदारी** **पद कोड : CON-54**

**कुल पद :** 01 (एक)

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है, जिसे कार्यनिष्पादन एवं संगठनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

**समेकित शुल्क :** सह परामर्शदाता के लिए समेकित शुल्क 75,000/- रुपये प्रति माह होगा।

**कार्य विवरण** : बाइरैक संस्था को सह/वरिष्ठ परामर्शदाता - पार्टनरशिप के पद हेतु गतिशील एवं अनुभवी पेशेवर की आवश्यकता है। यह पदधारी बाइरैक के उद्देश्यों और देश में व्यापक जैव प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी एजेंसियों, उद्योग जगत के खिलाड़ियों, निवेशकों, शैक्षणिक संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ रणनीतिक साझेदारी विकसित करने और प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**मुख्य उत्तरदायित्व** :

- जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी एजेंसियों, उद्योग जगत के नेताओं, शैक्षणिक संस्थानों आदि के साथ रणनीतिक साझेदारी की पहचान करना और उसे विकसित करना।
- पारस्परिक उद्देश्यों और पहलों का समर्थन करने हेतु रणनीतिक साझेदारों के साथ संवाद का नेतृत्व करना एवं औपचारिक समझौते स्थापित करना।
- रणनीतिक साझेदारों के लिए संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करना, मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना और प्रभावी संचार और सहयोग सुनिश्चित करना।
- साझेदारों के साथ सहमत नियमों और शर्तों के अनुसार भागीदारी गतिविधियों को निष्पादित और कार्यान्वित करना।
- रणनीतिक साझेदारी के प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन करना, तथा सुधार एवं विस्तार के अवसरों की पहचान करना।
- साझेदारी से संबंधित मामलों पर आंतरिक हितधारकों को रणनीतिक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना।
- रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने और संगठन की दृश्यता और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए उद्योग कार्यक्रमों, सम्मेलनों और बैठकों में बाइरैक संस्था का प्रतिनिधित्व करना।

**अनिवार्य योग्यता :** जीवन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय प्रशासन या संबंधित क्षेत्रों में 4 वर्षीय स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष।

**वांछनीय योग्यता** : प्रमुख संस्थान से एमबीए की डिग्री।

**अनुभव** : साझेदारी विकास एवं प्रबंधन, व्यवसाय विकास/परामर्श, परियोजना प्रबंधन या संबंधित भूमिकाओं में न्यूनतम 2 वर्ष के अनुभव के साथ योग्यता पश्चात 3 वर्ष से 10 वर्ष तक का अनुभव।

सरकारी विभागों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त प्रतिभागी को अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा।

**प्रमुख योग्यताएं** :

- सरकारी एजेंसियों, उद्योग भागीदारों और शैक्षणिक संस्थानों सहित विविध हितधारकों के साथ रणनीतिक साझेदारी विकसित करने और प्रबंधित करने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड।
- भारत और विश्व स्तर पर रुझानों, चुनौतियों और अवसरों सहित जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ।
- उत्कृष्ट संवाद, संचार एवं संबंध-निर्माण कौशल।
- तेज़ गति वाले, सहयोगी वातावरण में प्रभावी ढंग से काम करने तथा एक साथ कई परियोजनाओं का प्रबंधन करने की क्षमता।

**अधिकतम आयु** : 45 वर्ष ,रिक्ति की अंतिम तिथि तक।